


### हाई कोर्ट ने विवाह विच्छेद पर लगाई मुहर

# क्रूरता की श्रेणी में आता है विवाह का अपूर्णीय विघटन

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि विवाह का अपूर्णीय विघटन यानि इरिटेबल ब्रेकडाउन क्रूरता की श्रेणी में आता है। जस्टिस विशाल धगट व बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने कहा कि इस अवस्था में विवाह पूरी तरह टूट जाता है और दोनों पक्षों को दर्द होता है। रोजाना क्रूरता झेलनी पड़ती है। उन्हें अपनी पसंद और जिंदगी में अपने पार्टनर चुनने चुनने की इजाजत नहीं होती। दूसरा पक्ष तलाक की अर्जी का विरोध साथ रहने के लिए नहीं बल्कि पहले पक्ष की मुश्किलों और तनाव से खुशी पाने के लिए



करता है। उसका यह बर्ताव क्रूरता की श्रेणी में आता है। लिहाजा, इस मामले में विवाह विच्छेद की अपील स्वीकार की जाती है। दरअसल, छिंदवाड़ा निवासी महिला ने कुटुम्ब न्यायालय के द्वारा तलाक का आवेदन निरस्त किए जाने के विरुद्ध हाई कोर्ट में अपील दायर की थी।

#### पत्नी की ओर से लगाया गया आरोप

अपीलकर्ता पत्नी की ओर से तर्क दिया गया कि विवाह 24 मई, 2002 को छिंदवाड़ा में हिंदू रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। शादी से बाद उसकी दो बेटियां पैदा हुईं, जो पति की अभिरक्षा में है। अपीलकर्ता का आरोप है कि अनावेदक पति दहेज की मांग करते हुए उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था और चरित्र पर आरोप लगाया था। उसे जबरदस्ती साल 2009 तथा 2016 में घर से निकाल दिया गया था।

#### पति की ओर से लगाया गया आरोप

अनावेदक पति की ओर से तर्क दिया गया कि वह दोनों बेटियों की देखभाल कर रहा है।अपीलकर्ता ने जनवरी 2018 में बिना तलाक लिए दूसरी शादी कर ली थी। उसने अपीलकर्ता तथा उसके दूसरे पति के विरुद्ध केस दायर किया गया था। दोनों बेटियों ने अपने बयान में बताया है कि अपीलकर्ता उनके साथ क्रूरता करता था। तलाक के लिए झूठे आधार पर अपील दायर की गयी है। अपीलकर्ता ही उसके साथ क्रूरता कर रही थी।

### हाईकोर्ट का निर्देश

## विधायक को विधानसभा सचिव के माध्यम से कराओ नोटिस तामील

**जबलपुर।** हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के आरोप के बाद हाईकोर्ट ने 31 अक्टूबर को कटनी विधायक संजय पाठक को नोटिस जारी किया था। मामले पर सोमवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि विधायक के आवास में उपलब्ध नहीं होने के कारण नोटिस तामील नहीं हो पाया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच ने विधानसभा सचिव के माध्यम से विधायक को नोटिस तामील करवाने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी। पिछली सुनवाई के दौरान अब्दुल रज्जाक की ओर से खुलकर विधायक संजय पाठक पर आरोप लगाया गया था कि व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता के कारण याचिकाकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूर्व कैबिनेट मंत्री व मौजूदा विधायक संजय पाठक के इशारे पर की जा रही है। विगत 29 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने अब्दुल रज्जाक से पूछा था जिस विधायक व खनन कारोबारी पर वे आरोप लगा रहे हैं, उन्हें नामजद पक्षकार क्यों नहीं बना रहे।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूछा था कि जब अब्दुल रज्जाक अगस्त 2021 से लगातार जेल में बंद था, तो उसी दौरान उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में आपराधिक प्रकरण कैसे दर्ज कर लिए गए। अब्दुल रज्जाक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली, शारिक अकील फारुकी व अमित रायजादा ने बताया कि विधायक के दबाव में सरकार द्वारा उनके मुवक्किल को लगातार परेशान किया जा रहा है। दलील दी गई कि रज्जाक के खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है।

### सड़क ठेका आवंटन प्रकरण

## हाईकोर्ट ने निगमायुक्त से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नगर निगम आयुक्त, छिंदवाड़ा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। मामला अपेक्षाकृत योग्य निविदाकर्ताओं के स्थान पर अयोग्य और अनुभवहीन निविदाकर्ता को ठेका स्वीकृत किए जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन ने जवाब पेश करने के लिए दो दिसंबर तक का समय दिया। याचिकाकर्ता यूनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर से अधिवक्ता विट्ठलराव जुमड़े ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पहाड़ी इलाके में सड़क निर्माण की निविदा अप्रैल, 2025 में निकाली गई थी। जिस अर्णव इंटरप्राजेस कंपनी की निविदा स्वीकार कर ली गई, उसने अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया था। यही नहीं रेट भी अधिक कोट किया था। इसके बावजूद 17 अक्टूबर को ठेका स्वीकृत कर वर्क आर्डर जारी कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से जुलाई माह में आपत्ति दर्ज करा दी गई थी। लेकिन उस आपत्ति को दरकिनार कर दिया गया। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

## जिला अदालत के वकीलों ने बनाई मानव श्रृंखला

### *आडिटोरियम की मांग पूरी न होने से आक्रोश*

**जबलपुर।** जिला अदालत के वकीलों ने आडिटोरियम की मांग पूरी न होने से आक्रोशित होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मानव श्रृंखला बनाई गई। कलेक्ट्रेट चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में वकील एकजुट दिखे। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 2018 से निरंतर मांग के बावजूद सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिला है। यही हाल हाई कोर्ट के नवीन अधिवक्ता भवन का है। भूमि पूजन के बावजूद अब तक वित्तीय स्वीकृति नदारद है। इससे अधिवक्ता वर्ग बेहद आक्रोश में आ गया है। वह बड़े आंदोलन की रणनीति बनाने विवश है। अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य को लेकर भी कोई ठोस प्रयास सामने नहीं आया है। इसके अलावा पुलिस का रवैया भी वकीलों के प्रति भेदभाव से भरा है। राजीनामा का दबाव अनुचित तरीके से बनाया जाता है। इससे वकील खुद को असुरक्षित अनुभव कर रहे हैं। आंदोलन के दौरान जिला बार उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेंद्र यादव, कार्यकारिणी सदस्य रवींद्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा सीपू, अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना व मनोज तिवारी उपस्थित थे।

### कोठी नगर परिषद की दो दुकानों के आवंटन पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर सतना के नगर परिषद कोठी में दुकान आवंटन में अनियमितता को चुनौती दी गई है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने दो दुकानों के आवंटन पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कलेक्टर व नगर परिषद कोठी के सीएमओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सतना निवासी रामलखन तोमर ने याचिका दायर कर बताया कि वे पिछले 30 वर्षों से यहां दुकान संचालित कर रहे हैं। अधिवक्ता मनोज कुशवाहा एवं कौशलेंद्र सिंह ने दलील दी कि नगर परिषद कोठी ने नई दुकानें बनवाई हैं। याचिकाकर्ता को उसके स्थान पर पिछली गली में दुकान आवंटित कर दी गई। इसके पहले सिविल कोर्ट डिक्री पारित कर कहा था कि जिस व्यक्ति की पूर्व में जहां पर दुकान होगी, नए मार्केट में उसी स्थान पर आवंटन किया जाएगा। कोर्ट के समझौते के अनुसार याचिकाकर्ता को दुकान क्रमांक 34 दिया जाना था, परंतु 37 नंबर की दुकान दी गई है। इसे लेकर कलेक्टर को शिकायत की गई। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

### कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक

# धान उपार्जन तैयारियों की हुई समीक्षा वेयरहाउस सत्यापन के दिए निर्देश

**जबलपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के तहत धान उपार्जन की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में उपलब्ध वेयरहाउस की संख्या, उनकी कुल भंडारण क्षमता, वर्तमान में रिक्त क्षमता एवं वहां उपलब्ध भौतिक सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की गई।




कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकासखंडों में स्थित वेयरहाउस का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए एक विशेष जांच दल गठित करने के निर्देश भी दिए गए, जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भंडारण स्थलों की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट तैयार करेगा।

बैठक में पूर्व में कराए गए निरीक्षणों की रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन वेयरहाउस में क्षमता या बुनियादी सुविधाओं की कमी पाई गई है, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन की प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से संचालित हो, इसके लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों को फसल विक्रय के दौरान अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति, विपणन संघ और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान योजना के प्रथम चरण में पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी ने उपभोक्ताओं को दी बड़ी राहत

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू की गई "समाधान योजना 2025-26" के प्रथम चरण में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने 63,827 उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया। इसके तहत उपभोक्ताओं का कुल 5.13 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ किया गया और कंपनी को 17.73 करोड़ रुपये की बकाया राशि प्राप्त हुई। योजना के प्रथम चरण (3 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025) में बकायादार उपभोक्ताओं को 60% से 100% तक सरचार्ज छूट दी जा रही है। द्वितीय चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक 50% से 90% तक छूट प्रदान करेगा। उपभोक्ता एकमुश्त या किश्तों में भुगतान कर योजना का लाभ ले सकते हैं। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत, जबकि गैर-घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को 25 प्रतिशत राशि जमा कर योजना में पंजीकरण कराना होगा। योजना का उद्देश्य तीन माह से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना और कंपनी के लिए बकाया वसूली को सुनिश्चित करना है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# दुनिया को जीतने के लिए कोई शस्त्र नहीं मधुर वाणी की आवश्यकता होती है : श्री गिरि बापु जी

## श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में गूंजा हरि ऊँ नमः शिवाय

**हरिभूमि जबलपुर।**

श्री शिव महापुराण कथा में सोमवार को कथाअंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापु जी महाराज ने शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए कहा माता सती का वृतांत सुनाते हुए कहा कि एक शब्द बोलने से पहले दो बार विचार करोगे तो सुंदर शब्द बोल पाओगे इसलिए घर को स्वर्ग बनाना है तो मीठे शब्द बोलिए। इसलिए अनावश्यक चीज घर से निकालो। ज्यादातर घर में और दिमाग में जिन चीजों की आवश्यकता नहीं है उसे निकाल देना चाहिए। हम संग्रह बहुत करते हैं कोई संग्रह करने की जरूरत नहीं है। लिए आज से हम दृढ़ संकल्प करें की मीठी वाणी बोलेंगे। मीठी भाषा दुनिया का सबसे बड़ा वशीकरण है। आप मीठा बोलेंगे तो शत्रु के साथ भी मित्रता होने लगेगी। शत्रु भी मित्र बनने लगेगा घर स्वर्ग बनने लगेगा। आपको स्वर्ग का अनुभव होने लगेगा। दुनिया को जीतने के लिए कोई शस्त्र नहीं मधुर वाणी की आवश्यकता होती है। व्यवहार का परिवर्तन करने से ही जीवन का परिवर्तन होता है। धूप लगाने से नहीं दूसरों को सुगंधित करने से भगवान प्राप्त होते हैं। दूसरों को प्रसन्न करने वाला दूसरों की सेवा करने वाला ऐसे लोगों से भगवान प्रसन्न रहते हैं। यह प्रसन्नता और व्यवहार में सद्गुण शिव महाग्रंथ कथा के श्रवण करने से आते हैं। इसलिए कहा गया है कि कथा का श्रवण ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।



### स्वामी महेंद्रानंद महाराज ने नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने किया आव्हान

स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने कथा समापन के अवसर पर कहा नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए जनमानस को आव्हान किया। उन्होंने जिला प्रशासन और जनता से अपील है कि नर्मदा में मिलने वाली गंदगी को रोका जाए और नर्मदा का संरक्षण किया जाए। इसके लिए समिति के साथ सदस्य बनकर जुड़े और इस पुनीत कार्य में लग जाएं।

### आज सुबह 9 बजे से कथा, समापन

स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने बताया कि आज मंगलवार को कथा का आयोजन सुबह 9 बजे से किया गया है। यह कथा 12 बजे तक चलेगी, इसके बाद प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया है। सभी शिवभक्तों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर भंडारे के रूप में प्रसाद को ग्रहण करें।



## कुचैनी मंदिर सुनरहाई में श्री राम जानकी विवाह उत्सव शुरू, हुई हल्दी-मेहंदी की रस्म

**जबलपुर।** श्री ठाकुर बिहारी जी महाराज कुचैनी मंदिर ट्रस्ट जवाहर गंज द्वारा भगवान श्री राम जानकी विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत 22 नवम्बर 2025 दिन शनिवार से महिलाओं द्वारा रामायण पाठ एवं सुन्दर भजनों द्वारा हुई। 24 नवम्बर 2025 को भगवान की हल्दी एवं मेंहदी का कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। मदिर परिसर में महिलाओं द्वारा रामायण पाठ और सुन्दर भजन के द्वारा हल्दी और मेहंदी का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने विवाह के गीत गाए और हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री राम जानकी जी को हल्दी मेहंदी लगायी।

## सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल ने किया पौधारोपण अभियान का आयोजन



**जबलपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, शांति नगर द्वारा शिव पार्क, कचनार सिटी, विजयनगर में एक उत्साहपूर्ण पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस पर्यावरणीय पहल में विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों के साथ-साथ आसपास के रहवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर विविध प्रकार के पौधे लगाए और हरित व स्वच्छ भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में हरियाली के महत्व को रेखांकित करना था। इस मौके पर उपस्थित प्रतिभागियों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लेते हुए बताया कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। अभियान के दौरान छात्रों और स्थानीय लोगों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी, संवेदनशीलता तथा सतत विकास के मूल्यों को मजबूत किया गया।

## मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की नई कार्यकारिणी गठित



**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन आगामी वर्ष के लिए किया गया। सदस्यों और पदाधिकारियों को सामाजिक और देश हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। स्वदेशी क्रय और विक्रय को बढ़ावा देकर देश के हित में चर्चा की। डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में नई कार्यकारिणी में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम (महिला विंग अध्यक्ष), डा. अभिषेक जैन (उपाध्यक्ष), एड. आशीष त्रिपाठी (सचिव), डा. कमल विश्वास, रोशन मंध्यानी (मार्गदर्शक), एड. आशुतोष चतुर्वेदी, डा. अभिजीत जैन, डा. अशोक मेथवानी, डा. आनंद बहरानी, डा. प्रशांत जैन, डा. दिगंत पाठक, डा. अश्विनी पाठक, डा. राहुल अग्रवाल, डा. श्रीकान्त साहू, डा. एसके जैन, कामरूप इस्लाम खान, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, अजय चौहान, बिनिता मैडम, एड. अंकित मिश्रा, एड. विजय बवारिया, एड. विवेक शुक्ला, एड. सूरज गुप्ता, एड. अमित शर्मा, विवेक गुगलियानी आदि सदस्यों ने भी अपने पद की शपथ ली।

## कबड्डी खेल स्पर्धा का हुआ आगाज



**जबलपुर।** क्रीड़ा भारती महानगर जबलपुर द्वारा रामपुर शासकीय स्कूल ग्राउंड में महिला एवं पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर भोपाल से पधारे आधार प्रभारी श्री दीपक, डीपीएस योगेश शर्मा, शासकीय स्कूल प्रिंसिपल विशाल झारिया, क्रीड़ा भारती के महाकौशल छत्तीसगढ़ संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल, महाकौशल क्रीड़ा भारती दिव्यांग प्रमुख प्रीति त्रिपाठी, जबलपुर महानगर सह मंत्री संजय सिंह, विनोद ठाकुर, सुनील पटेल, कैलाश कहार, प्रवीण गुप्ता, सुभाष माझी उपस्थित रहे। बवंडर क्लब विजेता और शासकीय रामपुर स्कूल विजेता रही। प्रतियोगिता के निर्णायक स्पोर्ट्स टीचर चंद्रशेखर स्वामी रहे। खेल कबड्डी खेल प्रतियोगिता पूरे भारतवर्ष में करने का लक्ष्य है उद्देश्य- बर्लिंग ओलंपिक 1936 में कबड्डी का प्रदर्शन किया गया था, लेकिन 100 साल पूरे होने को आ रहे हैं लेकिन कबड्डी प्रतियोगिता को ओलंपिक में अभी तक शामिल नहीं किया गया।

**"जय श्री राम" अभिवादन विवाद पर सकल हिंदू समाज का प्रदर्शन**

# मिस्पा मिशन स्कूल में छात्र से दुर्व्यवहार का आरोप

**पाटन।** मिस्पा मिशन स्कूल, पाटन में एक छात्र के साथ दुर्व्यवहार के आरोप के बाद स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, छात्र ने स्कूल के गार्ड को "जय श्री राम" कहकर अभिवादन किया था, जिसके बाद विद्यालय के डायरेक्टर राजेश खंडारे पर छात्र से मारपीट और निष्कासन की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। यह आरोप परिजनों और सामाजिक संगठनों द्वारा लगाए गए हैं। परिजनों का कहना है कि किसी भी बच्चे को धार्मिक अभिव्यक्ति के आधार पर दंडित करना बच्चों के अधिकारों और RTE अधिनियम की भावना के विपरीत है। इसी मुद्दे पर सकल हिंदू समाज ने पाटन में विरोध प्रदर्शन कर विद्यालय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर मामले में एफआईआर दर्ज करने की अपील की।



प्रदर्शन के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से इस घटना की जांच कर स्कूल प्रबंधन पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग भी की। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि शिकायत की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर उचित कानूनी कदम उठाए जाएंगे। वहीं, स्कूल प्रबंधन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। घटना ने क्षेत्र में शिक्षा संस्थानों की जवाबदेही और बच्चों की सुरक्षा को लेकर नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

## पेंशनर्स लंबित मांगों के लिए 27 को करेंगे प्रदर्शन

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के तत्वावधान में 27 नवम्बर को जबलपुर जिले के पेंशनर्स अपनी पांच सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर शाम 04 बजे आयुक्त कार्यालय के समक्ष उपस्थित होकर प्रदर्शन करते हुए अपना मांग पत्र मप्र के मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित करते हुए मांगों की पूर्ति पेंशनर्स हित में शीघ्र करने की मांग करेंगे। प्रदर्शन में मप्र विद्युत मंडल, नगर निगम व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में एचपी उरमलिया, एमएल चौकसे, डॉ. केपी चतुर्वेदी, उमेश दुबे, शेषमणि पांडेय, गौरीशंकर पांडेय, आरके श्रीवास्तव, सीएल दोहरे, बीएसपी गौर, आनंद कुमार शुक्ला, एसपी शुक्ला, श्रवण कुमार श्रोती, केसी अवस्थी, डॉ. एसपी सिंह, वीपी अवस्थी, नरेश तिवारी सहित अनेक पदाधिकारियों ने सभी पेंशनर्स से उपस्थिति की अपील की है।

## नगर निगम आयुक्त के कड़े निर्देशः एस.आई.आर. कार्य शीघ्र पूर्ण करें



**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर में चल रहे नगर निगम कार्यों की समीक्षा के दौरान सभी विभागों और संभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि एस.आई.आर. से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को पूरी ताकत के साथ और शीघ्रता से पूरा किया जाए। आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त श्री अहिरवार ने राजस्व विभाग को टैक्स कलेक्शन में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति जैसे मूलभूत कार्यों को नियमित रूप से सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। स्वच्छता व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त ने संभागीय अधिकारियों को सीधे जिम्मेदार ठहराया। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव सहित सभी सहायक आयुक्त एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ठंड से सतर्कता ही बचावः सीजीएचएस डिस्पेंसरी में वरिष्ठ नागरिकों ने की बैठक



**जबलपुर।** कड़ाके की ठंड के मद्देनज़र केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी-4 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.पी. रावत की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधियों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिलीप कुंडे, किशन लाल, अर्जुन सिंह और अनिल शुक्ल सहित विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. रावत ने पिछली बैठक में हुए निर्णयों और उनकी कार्यवाही की जानकारी दी, जिसे सभी ने सराहा। ठंड बढ़ने के चलते प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से बचाव के उपायों की जानकारी चाही, जिस पर डॉ. रावत ने बुजुर्गों के लिए ठंड से सुरक्षा संबंधी उपयोगी और व्यावहारिक टिप्स साझा किए। उन्होंने कहा कि "सतर्कता ही बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।" मेडिसिन आपूर्तिकर्ता के प्रतिनिधि पंकज नवाठे की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। बैठक के सफल संयोजन में डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एस.के. राय, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. उदया माल तथा स्टाफ सदस्यों मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, लव डांगी, आनंद कुमार, रवि कुमार, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो और रंजना का सराहनीय योगदान रहा। अंत में प्रदीप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अस्पताल के सामने लगे 50 साल पुराने एमपीईवी के डिब्बा को हटाने की मांग



**सिहोरा।** खितौला में सरकारी अस्पताल के ठीक सामने रखे एम.पी.ई.बी.के करीब 40–50 वर्ष पुराने डिब्बे को हटाने की मांग स्थानीय नागरिकों ने उठाई है। लोगों का कहना है कि यह डिब्बा अस्पताल के मुख्य मार्ग को अवरुद्ध करता है जिससे एम्बुलेंस की आवाजाही प्रभावित होती है और मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमलाल यादव ने अनुविभागीय अधिकारी को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि यह डिब्बा उस समय रखा गया था जब बिजली विभाग की शिकायतें ऑफलाइन दर्ज होती थीं लेकिन अब वर्षों से इस डिब्बे पर कोई कर्मचारी नहीं बैठता और यह पूरी तरह निष्क्रिय होकर सड़क पर कबाड़ की तरह खड़ा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग एक दशक से यह डिब्बा बंद पड़ा है फिर भी इसे हटाने के लिए विभाग की ओर से किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। नागरिकों ने बताया कि इसके कारण न केवल अस्पताल का सामने वाला क्षेत्र सकरा हो गया है बल्कि कई बार एम्बुलेंस भी भीतर नहीं जा पाती। क्षेत्रीय जनों ने प्रशासन से इस डिब्बे को हटाने की मांग की है।

## प्रारम्भ करेंगे आमरण सत्याग्रह के पूर्व क्रमिक भूख हड़ताल

*सिहोरा जिला के लिए संयुक्त अभियान समिति भी आगे आई*

**सिहोरा।** सिहोरा जिला आंदोलन लगातार जनता की आवाज़ और क्षेत्रीय अधिकारों के सवाल पर मजबूत होता जा रहा है। अब इस आंदोलन में 1999 में सिहोरा जिला हेतु आंदोलित संयुक्त अभियान समिति ने भी साथ आने की घोषणा कर दी है। समिति के जुड़ने से जिला के संघर्ष को नई ऊर्जा,व्यापक समर्थन और संगठित दिशा मिलेगी। यह निर्णय न केवल आंदोलन की शक्ति को बढ़ाता है बल्कि यह दर्शाता है कि सिहोरा और आसपास के क्षेत्रों की जनता अब एक स्वर में सिहोरा जिले की माँग को लेकर खड़ी हो चुकी है। संयुक्त अभियान समिति के पूर्व पदाधिकारी रहे प्रकाश पांडे, रमेश पटेल, दिलीप दुबे, विकास पांडे, अरुण जैन, साधना जैन, बिनोद सेठी, संजय जैन, गजेंद्र खंपरिया, अश्वनी त्रिपाठी,लालबहादुर पाठक,शिशिर पांडे,सुनील जैन,सत्यप्रकाश खरे सहित समस्त पदाधिकारियों ने जिला के संघर्ष में शामिल होने का ऐलान किया। अब 3 दिसंबर से क्रमिक भूख हड़ताल- आंदोलन समिति ने संयुक्त अभियान समिति के साथ आने के बाद घोषणा के बाद अपने आंदोलन में संशोधन किया है। अब सिहोरा जिला के लिए 9 दिसंबर के आमरण अनशन के पूर्व 3 दिसंबर से क्रमिक भूख हड़ताल की शुरुआत की जाएगी। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने घोषणा की कि यह आंदोलन अब सिहोरा जिला बनने पर ही समाप्त किया जाएगा।

## गांधी भवन लाइब्रेरी शहर की सबसे बड़ी और उपयोगीः निगमायुक्त



**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने गांधी भवन लाइब्रेरी का औचक निरीक्षण करते हुए इसे शहर की सबसे बड़ी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में सैकड़ों छात्र-छात्राएं नियमित अध्ययन कर रहे हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अब शनिवार और रविवार को भी लाइब्रेरी खोली जाएगी। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने 1862 ई. तक के सुरक्षित ऐतिहासिक रिकॉर्ड, पुराने गैजेटियर और 18वीं सदी के जबलपुर के नक्शे को देखा। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष और अन्य परिसरों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और बेहतर व आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। छात्रों से संवाद कर उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक टिप्स भी साझा किए। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु लाइब्रेरी परिसर में जल्द ही आधुनिक कैफेटेरिया बनाने के निर्देश जारी किए गए। साथ ही उद्यान, फाउंटेन रिपेयर, जालियां लगाने और शनिवार को लाइब्रेरी संचालन हेतु अतिरिक्त स्टाफ उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं राकेश कुमार पिता जयराम सिंह निवासी प्लॉट नं 62 फेस 1 चैतन्य सिटी तिलहरी जबलपुर मध्य प्रदेश मैं एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता/करती हूं कि मेरी पुत्री का नाम DEEKSHA RAJPUT तथा जन्मतिथि 31/05/2017 मेरे सेवा अभिलेख में गलत दर्ज है, उसके दस्तावेजों आधार कार्ड तथा मार्कशीट के अनुसार उसका सही नाम DIKSHA RAJPUT है तथा जन्मतिथि 31/03/2017 मेरे सेवा अभिलेख में दर्ज होनी चाहिए। **शपथकर्ता**

BU-929148




**श्रीमती लक्ष्मी बाई शुक्ला-** करमचंद चौक निवासी श्रीमती लक्ष्मी बाई शुक्ला का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे भाजपा नेता संजय शुक्ला और विजय शुक्ला की माता जी थीं। अंतिम यात्रा आज मंगलवार को सुबह 9.30 बजे करमचंद चौक से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती सावित्री सिंह-** श्री रामराज सिंह की पत्नि श्रीमती सावित्री सिंह का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा रांझी स्थित निवास (एस.ए.एफ. डी.आई.जी. निवास, इन्जीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर के सामने) से आज मंगलवार को प्रातः 11 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी।



**श्री संजय मेहता-** दीक्षितपुरा निवासी श्री संजय मेहता (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री बंशीधर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बेनी प्रसाद मलिक-** अहीर मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री बेनी प्रसाद मलिक (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता मिश्रा-** गुप्तेश्वर निवासी श्री महेंद्र कुमार मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता मिश्रा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लीला वाजपेयी-** रानीताल चौक निवासी श्री हर नारायण वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती लीला वाजपेयी (101) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित गुप्ता-** भोले कुटि शक्ति नगर निवासी श्री कौशल प्रसाद गुप्ता के पुत्र श्री रोहित गुप्ता (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दीपेंद्र श्रीवास्तव-** मुस्कान हाइट्स के सामने नेपियर टाउन निवासी श्री दीपेंद्र श्रीवास्तव (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीन दयाल राजपूत-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री दीन दयाल राजपूत (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश रैकवार-** गली नं. 19, सदर निवासी श्री राकेश रैकवार (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती राजपूत-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नानक राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती राजपूत (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई स्वामी-** बंगला नं. 5, नर्मदा रोड निवासी श्री पुन्नू स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई स्वामी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष यादव-** राधाकृष्णन वार्ड सिंधी कैंप निवासी श्री संतोष यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रोशन पासी-** गली नं. 24, सदर पासी मोहल्ला निवासी श्री रोशन पासी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**हरिभूमि** बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज़:- | 8x5 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज़:- | 8x5 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज़ | 8x10 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303808294, 9407362160

## जबलपुर के छवि कुमार ठाकुर बने ऑल इंडिया ईपीएफ एम्प्लॉई संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष



**जबलपुर।** हैदराबाद में आयोजित ऑल इंडिया ईपीएफ एम्प्लॉई संघ (भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध) की तीसरी कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें जबलपुर के छवि कुमार ठाकुर को अखिल भारतीय उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही उन्हें मध्य प्रदेश का राज्य सचिव (स्टेट सेक्रेटरी) भी नियुक्त किया गया है। पूर्व में ठाकुर अखिल भारतीय एडिशनल जनरल सेक्रेटरी रहे हैं। अपने कार्यकाल में उन्होंने जबलपुर सहित भोपाल, इंदौर, सागर, उज्जैन में संघ का विस्तार किया, साथ ही जमशेदपुर (झारखंड) और मेरठ (उत्तर प्रदेश) में भी संगठन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नई कार्यकारिणी में ईपीएफओ इंदौर के लक्ष्मी नारायण साहू को अखिल भारतीय संयुक्त सचिव और ईपीएफओ भोपाल के विक्रम सिंह तोमर को अखिल भारतीय संगठन सचिव बनाया गया।

**नाम परिवर्तन**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहनीश मूरजानी है। मेरी पुत्री का वर्तमान, नाम रीधि मूरजानी (RIDHI MOORJANI) उम्र 15 वर्ष निवासी 1594 चंद्रकांत बिल्डिंग सरस्वती कॉलोनी पारिजात इमारत के पास चेरीताल वार्ड जबलपुर म.प्र. है। अभिवचनकर्ता उपरोक्त वर्णित पते के स्थायी निवासी हैं। मेरी पुत्री का नाम वर्तमान में रीधि मूरजानी (RIDHI MOORIANI) है और उसका नाम परिवर्तित कर रिधिमा मूरजानी (RIDDHIMA MOORJANI) किया गया है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अभिवचनकर्ता की पुत्री का परिवर्तित नया नाम रिधिमा मूरजानी (RIDDHIMA MOORIANI) भविष्य में सभी शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम- रीधि मूरजानी**
(RIDHI MOORJANI)

**नया नाम- रिधिमा मूरजानी**
(RIDDHIMA MOORJANI)

**आम सूचना**

मैं, ब्रम्ह सिंह राजपूत पिता स्व. श्री राजा भैया, उम्र 53 वर्ष, निवासी- म.नं. 89, ग्राम उमरिया जुझारी, जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मेरा पुत्र अनुराज सिंह राजपूत पिता ब्रम्ह सिंह राजपूत, उम्र 24 वर्ष, जो परिवार के साथ समन्वय बनाकर नहीं रहता है और आये दिन पारिवारिक शांति भंग करता है तथा हम लोगों के कहे अनुसार नहीं चलता तथा आये दिन घर से अलग रहने की जिद करता है व घर में किसी काम में सहयोग नहीं करने व बिना हम लोगों की जानकारी व बताये बगैर लोगों से पैसे आदि लेकर उड़ाता खाता है, घर से व घर के लोगों से कोई मतलब नहीं रखता है इन सब बातों के चलते मुझ शपथकर्ता एवं मेरे पूरे परिवार द्वारा अनुराज सिंह राजपूत से पूर्णरूप से सम्बन्ध समाप्त करते हुए अपनी अच-अचल सम्पत्ति से बेदखल किया जाता है। यह कि, उसके द्वारा की जाने वाली किसी भी गतिविधियों के लिये मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा, उसकी गतिविधियों हेतु वह स्वयं जबावदार होगा। यह कि, आम जनता, समस्त शासकीय, अशासकीय, वित्तीय संस्थाओं, बैंक, शासन प्रशासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

जबलपुर
दिनांकः 20.11.2025

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि आवासीय भूमि जो कि मौजा- जबलपुर, बंदोबस्त क्रमांक 264, प.ह. क्र. 04, जयप्रकाश नारायण वार्ड नं. 28,, तहसील अधारताल और जिला जबलपुर में स्थित खसरा क्रमांक 65 का भाग नामांतरण पश्चात खसरा क्रमांक 65/2/1 मकान क्रमांक 1664/1, सरस्वती कॉलोनी लेआउट प्लाट नं. 196 जिसका कुल प्लॉट रकवा 40X50 = 2000 वर्गफीट है जिसमे से विक्रय किया जा रकवा 20X40 = 800 वर्गफीट है भूतल निर्मित रकवा 800 वर्ग फीट और प्रथम मंजिल निर्मित रकवा 800 वर्ग फीट है को भूमिस्वामी भूस्वामी श्री लक्ष्मी शंकर गुप्ता पिता स्व. श्री शिवचरण लाल गुप्ता ने पूर्व भूमिस्वामी सरस्वती गृह निर्माण समिति मर्यादित जबलपुर से दिनांक 26.10.1985, दस्तावेज क्रमांक 1959 द्वारा क्रय किया है तथा श्री अंकित जैन पिता श्री कमल कुमार जैन एवं श्रीमती रक्षा जैन पति श्री अंकित जैन ने उक्त संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध पत्र वर्तमान भूमिस्वामी श्री लक्ष्मी शंकर गुप्ता पिता स्व. श्री शिवचरण लाल गुप्ता से किया है। चूँकि विक्रय पत्र दिनांक 26.10.1985, दस्तावेज क्रमांक 1959 की मूल प्रति वर्तमान भूमि स्वामियों से गुम हो गई है। जिसके सम्बन्ध में श्री लक्ष्मी शंकर गुप्ता द्वारा पुलिस थाना कोतवाली में को प्राथमिक सूचना दर्ज कराई गई है, अतः उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में लिखित रूप में गय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपति पर विचार नही किया जावेगा।

जबलपुर
दिनांकः- 22.11.2025 **भवदीय**

**राजेश प्यासी एडवोकेट**
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका जबलपुर, मो. 9424320068

